Secondary and Senior Secondary Schools, 43/14 teachers are already in position. The remaining posts will be filled up after the ban on new recruitment is lifted. In Primary schools, posts of teachers are not sanctioned subject-wise, though some of these schools impart instruction through Urdu Medium with the help of Urdu-knowing teachers.

**स्कूलों में टेलिविजन सेटों का उपलब्ध कराया जाना**

277. **श्री मोर्जा इर्शादबेग** : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) स्कूलों में अध्ययन के लिए टेलिविजन सेट उपलब्ध कराने सम्बन्धी योजना का ब्यौरा क्या है ; और

(ख) इस योजना के अधीन कितने स्कूलों को कब तक लाए जाने की सम्भावना है ?

**शिक्षा मंत्री (श्री के० सी० पन्त)** : (क) और (ख) स्कूलों में अध्ययन के लिए टेलिविजन सेट उपलब्ध कराने के लिए इस समय कोई केन्द्रीय योजना नहीं है। तथापि इन्सेट–आई बी० की टेलिविजन सुविधाओं का उपयोग करने की योजना के अन्तर्गत छः इंसेट राज्यों अर्थात् आन्ध्र प्रदेश, उड़ीसा, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश और बिहार के चुने हुए तीन जिलों में सामूहिक रूप से देखने के लिए 2000 सीधे प्रसारण प्राप्त करने वाले सेट तथा 2000 वी० एच० एफ० सेट छठी योजना के अन्त तक लगाए जाने का प्रस्ताव है। जहां कहीं भी सम्भव होता है, वहां सामूहिक रूप से देखे जाने वाले सेट स्कूलों में लगाए जाते है। अब तक लगाए गए सेटों की संख्या 1058 है, जिनमें से 1025 स्कूलों में है ।

**पंच महल (गुजरात) में रेल डिब्बों का निर्माण**

278. **श्री मीर्जा ईर्शादबेग** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पंच महल (गुजरात) में रेल डिब्बों के निर्माण का कोई प्रस्ताव है,

(ख) यदि हां, तो इस दिशा में क्या प्रगति हुई है और उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस कार्य के कब तक पूरा हो जाने की संभावना है ?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया)** : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) रेलवे क्षेत्र में एक नया सवारी डिब्बा कारखाना स्थापित करने के प्रस्ताव को योजना आयोग ने अनुमोदित कर दिया है। रेल इंडिया टेक्नीकल एण्ड इकानोमिक सर्विसेज (राइट्स) को नया सवारी डिब्बा कारखाना स्थापित करने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने और स्थान निर्धारण सर्वेक्षण का काम सौंपा गया है। राइट्स से उनकी रिपोर्ट में स्थान निर्धारण के लिए प्राप्त सिफारिशों का अध्ययन किया जा रहा है ।

**छोटे जहाजों को खरीदने के लिये ऋण हेतु आवेदन पत्र**

279. **श्री मीर्जा इर्शादबेग** : क्या **नौवहन और परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षो के दौरान गुजरात राज्य से छोटे जहाजों के यंत्रीकरण तथा नए जहाज खरीदने हेतु कितने आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं तथा उनमें कितने ऋण की मांग की गई है,

(ख) योजना के अधीन गुजरात राज्य सरकार को कितनी धनराशि आवंटित की गई है तथा और अधिक धनराशि कब तक उपलब्ध कराए जाने की संभावना है ;

(ग) राष्ट्रीय बन्दरगाह बोर्ड की बैठक में इस संबंध में क्या चर्चा हुई थी ; और

(घ) सरकार ने इस पर क्या निर्णय किया ?

**नौवहन और परिवहन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जैड आर० अंसारी)** : (क) से (घ) गुजरात सरकार ने यांत्रिक